# खास-खबरें

## पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2026 के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम की विश्वव्यापी थीम का समर्थन करते हुए आज शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन के प्रांगण में स्थित भारतीय वीरांगनाओं का हरित प्रक्षेत्र के क्षेत्र में संस्था के प्राचार्य श्री बी.आर. सिसोदिया एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा सात करंज के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रबुद्ध वरिष्ठ नागरिक माननीय भगवती प्रसाद गहलोत के द्वारा प्राचार्य श्री सिसोदिया को वटवृक्ष का बड़ा पौधा भेंट किया गया। उक्त पौधे को विद्यालय प्रांगण में स्टाफ सदस्यों के साथ रोपित करके पर्यावरण का अलख जगाने का कार्य किया गया। वृक्षारोपण के इस महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कार्य में विद्यालय के शिक्षक श्री पीएल चौहान, श्री जगदीश मेघवाल, श्री अंकित चाव, प्रमोद कुमार बुनकर और कन्हैयालाल सेन उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला पंचायत परिसर में पौधारोपण एवं श्रमदान कार्यक्रम संपन्न



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला पंचायत परिसर में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत कार्यालय के उद्यान में पौधारोपण एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक पौधा माँ के नाम अभियान अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) एवं जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया द्वारा पौध रोपण किया गया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाये जाने के साथ ही परिसर में श्रमदान भी किया गया। श्रीमती गीता रघुवंशी ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरियाली के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

## जय स्तंभ चौराहे पर शव रखकर किया चक्का जाम, हत्या की आशंका पर परिजनों का प्रदर्शन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबसौदाः** उदयपुर की पहाड़ियों पर गुरुवार शाम मिले एक युवक के शव की पहचान कन्हैया लाल अहिरवार के रूप में हुई। घटना के बाद शुक्रवार दोपहर जय स्तंभ चौराहे पर परिजनों एवं समाजजनों ने शव रखकर चक्का जाम कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम उदयपुर स्थित जिंद बाबा की पहाड़ी पर कन्हैया लाल का शव मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार सुबह शव परिजनों को सौंप दिया गया।

इसके बाद परिजन शव को घर ले जाने के बजाय सीधे जय स्तंभ चौराहे पहुंचे और यातायात रोककर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मामले को हत्या बताते हुए दोषियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। साथ ही परिवार के लिए आर्थिक सहायता एवं नौकरी की मांग भी उठाई गई।

सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा कर उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया। समझाइश के बाद परिजनों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया और शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले जाया गया।

पुलिस के अनुसार मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने कहा है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# महाकाल मंदिर में भस्म आरती का 'टिकट' ब्लैक करने वाले गिरोह पर आधी रात को मारा छापा

### वीआईपी एंट्री और अनुमति के नाम पर श्रद्धालुओं को चूना लगाने वालों की अब खैर नहीं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर की सबसे प्रमुख भस्म आरती व्यवस्था में सेंध लगाकर भक्तों को ठगने वाले एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। महाकाल मंदिर के प्रशासक और अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने आधी रात को अचानक मोर्चा संभालते हुए मंदिर परिसर का औचक निरीक्षण किया।

इस छापेमारी के दौरान भस्म आरती की अनुमति (परमिशन) के नाम पर अवैध वसूली के तीन गंभीर मामले रंगे हाथों पकड़े गए। इस बड़ी कार्रवाई के बाद मंदिर के बिचौलियों और ठगों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने इस मामले में तत्काल कड़ा एक्शन लिया है और माना जा रहा है कि जांच आगे बढ़ने पर भस्म आरती बेचने वाले एक बहुत बड़े गिरोह का सनसनीखेज खुलासा हो सकता है।

प्रशासक प्रथम कौशिक मध्य रात्रि को अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के ग्राउंड जीरो पर उतरे और सुबह होने वाली अलौकिक भस्म आरती की सुरक्षा व प्रवेश व्यवस्था का जायजा लिया। वे सबसे पहले नीलकंठ द्वार पहुंचे और मानसरोवर मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं की अनुमतियों की बारीकी से जांच की। इसके बाद जब वे गेट नंबर 1 पर पहुंचे, तो वहां मौजूद तीन श्रद्धालुओं ने प्रशासन के सामने अपना दर्द बयां करते हुए अवैध वसूली की शिकायत कर दी। श्रद्धालुओं ने बताया कि उनसे भस्म आरती की अनुमति दिलाने के नाम पर प्रति व्यक्ति 2500 की मोटी रकम वसूली गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए रात करीब 1:30 बजे तुरंत जांच के आदेश देकर वैधानिक और भस्मारती बेचने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

इस बड़े फर्जीवाड़े के सामने आने के बाद मंदिर प्रशासन पूरी तरह सख्त हो गया है। प्रशासक प्रथम कौशिक ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुलभ दर्शन के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। भविष्य में ऐसी धोखाधड़ी को रोकने के लिए अब भस्म आरती के लिए 'नीलकंठ प्रवेश द्वार' को ही एकमात्र आधिकारिक एंट्री गेट बनाने का फैसला किया गया है। मंदिर समिति ने देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं से पुरजोर अपील की है कि वे भस्म आरती के लिए केवल मंदिर की अधिकृत वेबसाइट और काउंटरों का ही उपयोग करें, तय शुल्क से ज्यादा पैसे किसी को न दें और बिचौलियों से पूरी तरह सावधान रहें।

**बिचौलियों का खेल खत्म करने के लिए बड़ा फैसलाः** भस्म आरती के नाम पर भक्तों से 2500 वसूलने की घटना को मंदिर प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। इस तरह की कालाबाजारी और धोखाधड़ी को जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासक ने अब सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया है। इसके तहत अब भस्म आरती में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए केवल 'नीलकंठ प्रवेश द्वार' ही एकमात्र रास्ता होगा, जहां हर एक अनुमति की कड़ाई से जांच की जाएगी। इसके अलावा, शिकायतों के तुरंत निपटारे के लिए मंदिर के अधिकारियों और कर्मचारियों को चौबीस घंटे मुस्तैद रहने के विशेष निर्देश दिए गए हैं।

#### मोबाइल नंबरों की हो रही जांच

बाहर से आने वाले भोले-भाले भक्तों को झांसे में लेकर मोटी रकम ऐंठने वाले गिरोह के खिलाफ शिकंजा कस दिया गया है। रात के डेढ़ बजे जैसे ही मंदिर प्रशासन की ओर से शिकायत की गई, जिम्मेदार तंत्र ने बिना वक्त गंवाए जालसाजों के खिलाफ एक्शन शुरू कर दिया। अब उन मोबाइल नंबरों और कड़ियों को खंगाल जा रहा है जिनके जरिए यह अवैध नेटवर्क चलाया जा रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इस रैकेट के तार मंदिर के आसपास सक्रिय कुछ अन्य संदिग्ध तत्वों से भी जुड़े हो सकते हैं।

## स्मार्ट मीटर लगाने पर विवाद, अभद्रता की शिकायत लेकर थाने पहुंचे नागरिक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** वार्ड क्रमांक 8 में शुक्रवार को स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे बिजली कंपनी के अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के बीच विवाद हो गया। नागरिकों का आरोप है कि स्टाफ द्वारा बिना अनुमति घरों में प्रवेश किया गया और अभद्र व्यवहार किया गया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली कंपनी के कर्मचारी बिना सूचना दिए घरों में प्रवेश कर रहे थे। जब उनसे परिचय पूछा गया तो कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे विवाद बढ़ गया।

घटना के बाद वार्ड के सैकड़ों नागरिक शहर थाने पहुंचे और बिजली कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर भी नागरिकों के साथ मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्मार्ट मीटर लगाने से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन बिना अनुमति घरों में प्रवेश करना और अभद्रता करना पूरी तरह गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर भी स्थिति को ठीक से नहीं संभाला गया, जिससे विवाद और बढ़ गया।

नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। वहीं, बिजली कंपनी के अधिकारी भी अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंचे हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## पेड़ लगाओ अभियान के तहत एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य



**नईदुनिया प्रतिनिधि, पीथमपुरः** नगर पालिका पीथमपुर द्वारा 'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ' अभियान के तहत पूरे क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी निशिकांत शुक्ला तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल के नेतृत्व में नगर के विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण किया जा रहा है। अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल ने बताया कि नगर क्षेत्र में एक लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में सगोर की अंग्रेज नदी किनारे 500 पौधों का रोपण किया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 5 स्थित वन विभाग की भूमि एवं शमशान स्थल पर 1000 से अधिक पौधे लगाए गए।

इस वृक्षारोपण अभियान में अचीवर अकादमी स्कूल प्रबंधन, वरिष्ठ पार्षद अशोक पटेल, धार जिला भाजपा उपाध्यक्ष अमृत जैन, संदीप रघुवंशी, बालू महाजन, पार्षद प्रेम पाटीदार, लालू शर्मा, विजय रघुवंशी, रोहित मेवाड़ा, डॉ. हेमंत हरोले सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## समान नागरिक संहिता पर सुझावों के लिए आज बैठक

**मंदसौर।** समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की जन परामर्श बैठक 6 जून को दोपहर 3:30 बजे कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम, शासकीय महाविद्यालय परिसर, मंदसौर में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता शिक्षाविद प्रो. गोपाल शर्मा करेंगे। अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने बताया कि बैठक का उद्देश्य समान नागरिक संहिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर नागरिकों के सुझाव एवं विचार प्राप्त करना है। समिति द्वारा प्राप्त सुझावों का संकलन कर राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा, जिससे विषय के अध्ययन एवं परीक्षण में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। बैठक में सांसद, विधायक, मान्यता प्राप्त शांति समिति के सदस्य, रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, कानूनविद, अभिभाषक संघ के सदस्य तथा राजनीति विज्ञान एवं समाजशास्त्र के प्रोफेसर सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

## रतलाम मंडल में महाप्रबंधक और सांसदों की समीक्षा बैठक, रेल परियोजनाओं व सिंहस्थ तैयारियों पर चर्चा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल कार्यालय स्थित समिति कक्ष में शुक्रवार को महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय और सांसदों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेल विकास परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं, संरक्षा उपायों और आगामी उज्जैन सिंहस्थ-2028 की तैयारियों सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री तथा धार सांसद सावित्री ठाकुर ने की। प्रारंभ में महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने पश्चिम रेलवे और रतलाम मंडल में चल रहे विकासात्मक कार्यों, सुरक्षा उपायों तथा यात्री सुविधाओं से जुड़े प्रयासों की जानकारी दी।

इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से रतलाम मंडल की उपलब्धियों, अधोसंरचना विकास, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा संबंधी कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान में संचालित प्रमुख रेल परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं से भी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया।

बैठक में सांसदों और उनके प्रतिनिधियों ने रेलवे द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। चर्चा के प्रमुख विषयों में इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना, डॉ. अंबेडकर नगर-ओंकारेश्वर आमान परिवर्तन कार्य, इंदौर स्टेशन पुनर्विकास योजना, रतलाम-इंदौर वाया फतेहाबाद मार्ग तथा उज्जैन-फतेहाबाद रेलखंड के दोहरीकरण कार्य शामिल रहे। इसके अलावा विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव, नई रेल सेवाओं के संचालन और यात्री सुविधाओं के विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों पर विशेष चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों ने सिंहस्थ से संबंधित रेलवे परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता जताई।

बैठक में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी (देवास), शंकर लालवानी (इंदौर), ज्ञानेश्वर पाटिल (खंडवा) और जसवंत सिंह भाभोर (दाहोद) सहित विभिन्न संसदीय क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कैंसरमुक्त करने जागरूकता अभियान आवश्यक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, इंटीग्रेटेड अकैडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स, विदिशा डॉक्टर्स फोरम और विदिशा डेंटल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में टाटा के समस्त चिकित्सकों के लिए केंसर रोकथाम हेतु जागरूकता, स्क्रीनिंग, शीघ्र निदान एवं उपचार के लिए टाटा मेमोरियल केंसर हॉस्पिटल मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के डॉ गौरवी, डॉ.आश्विन सत्यान, डॉ.अथुल्य बालगोपाल एवं डॉ.हरीमाधव विश्वनाथन के द्वारा मुंह के केंसर, स्तन केंसर एवं बच्चेदानी के केंसर के बारे में सारगर्भित विवरण में जागरूकता, निवारण, रोकथाम और उपचार पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि सही समय पर संदिग्ध घाव को पहचान लें, सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन सिखा दें, एचपीवी टेस्ट के लिए प्रोत्साहित कर दें तथा जर्दा तंबाकू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए कृ तो हम लाखों जिंदगियाँ बचा सकते हैं। उपचार से रोकथाम बेहतर मानी जाती है यह लाइन केंसर में सबसे सटीक बैठती है। संगोष्ठी के प्रारंभ में मुख्य अतिथि कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं समस्त




अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के ने अपने उद्बोधन में बताया कि जागरूकता से ही बदलाव संभव है आज की इस वृहद संगोष्ठी के उपरांत जिले को केंसर मुक्त बनाने में मदद मिलेगी। विशेष अतिथि आईएमए के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ एम के जैन ने बताया कि केंसर आज एक ज्वलंत समस्या बन गई है।

## स्वास्थ्य और राजस्व विभाग की टीम ने निजी अस्पताल का किया निरीक्षण

**गंजबसौदा।** राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त दल ने शुक्रवार दोपहर बस स्टैंड स्थित कल्पतरु निजी अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई कमियां पाई गईं, जिनके सुधार के निर्देश दिए गए हैं। तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि कलेक्टर के आदेश पर शहर के निजी अस्पतालों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में कल्पतरु अस्पताल का निरीक्षण किया गया, जहां बायोमेडिकल कचरे के निस्तारण में गंभीर लापरवाही सामने आई। नियमों के अनुसार कचरे का उचित प्रबंधन नहीं किया जा रहा था।

## चोर से 60 हजार का माल बरामद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** भैरूंदा पुलिस ने क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामलों में संलिप्त रह चुका है। पुलिस ने उसके कब्जे से लगभग 60 हजार रुपये मूल्य का चोरी का सामान एवं नगदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार 4 जून को फरियादी अनवार खान निवासी भाईलाल कॉलोनी भैरूंदा ने थाना भैरूंदा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 जून की रात अज्ञात चोर उसकी दुकान का गेट तोड़कर लोहे के औजार, पीतल की कंगनी तथा अन्य सामान चोरी कर ले गया।

सीहोर पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने संदेही जितेन्द्र उईके (22 वर्ष) निवासी सुभाष कॉलोनी भैरूंदा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने दुकान में चोरी करना स्वीकार किया। इसके साथ ही उसने एक अन्य प्रकरण में ट्रैक्टर की डिग्गी से 94,253 रुपये चोरी करने की वारदात भी कबूल की।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सुरई वनक्षेत्र में रोपित किए 35 हजार पौधे



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज 05 जून 2026 को वन विभाग द्वारा परिक्षेत्र पूर्व रायसेन के ग्राम सुरई से लगे वनक्षेत्र में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी तथा डीएफओ श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया गया। सुरई से लगे वनक्षेत्र में लगभग 35 हैक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्तकराकर यहां वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। यहां लगभग 35 हजार पौधे रोपित किए जा रहे हैं, इनमें 17500 सागौन के पौधे और 17500 मिश्रित पौधे रोपित किए जा रहे हैं। इस अवसर कलेक्टर विश्कवर्मा ने नागरिकों से एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता कर पौधरोपण करने की अपील करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और वर्तमान में बढ़ते प्रदूषण व ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर पौधरोपण जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को अपने परिजन की स्मृति तथा विशेष अवसरों पर पौधरोपण अवश्य करना चहिए। साथ ही रोपित पौधे की वृक्ष बनने तक देखभाल और सुरक्षा करना भी जरूरी है। इस दौरान अनेक जिला अधिकारियों तथा वनकर्मियों द्वारा भी पौधरोपण किया गया।

## गाड़ी के दोनों पहियों में बराबर हवा रखने का काम जिलाध्यक्ष का : विधायक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** शहर के विकास कार्यों की कड़ी में शुक्रवार को एक बड़ा अध्याय जुड़ा, जब सैकड़ा खेड़ी जोड़ पर 1 करोड़ 1 लाख रुपये की लागत से बनने वाले भव्य सिद्धपुर प्रवेश द्वार का विधिवत भूमि पूजन किया गया। राजस्थानी कलाकृति से बनने वाले इस द्वार का भूमि पूजन मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने किया। हालांकि इस कार्यक्रम के दौरान मंच से एक ऐसा दिलचस्प वाकया सामने आया, जिसने विकास की खबरों के बीच सियासी गलियारों में चर्चाएं छेड़ दी।

बता दें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने मंच से कहा कि शहर के विकास को गति देने में नगर पालिका अध्यक्ष और विधायक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। विधायक यह बात कह ही रहे थे कि उनके ठीक पीछे बैठे भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने तुरंत चुटकी लेते हुए कहा हां, यह दोनों तो गाड़ी के दो पहिए होते हैं।

जिलाध्यक्ष के इस बयान पर विधायक सुदेश राय ने भी तुरंत हाजिरजवाबी दिखाई। उन्होंने पीछे मुडक़र जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा से सीधे मुखातिब होते हुए कहा तो फिर इन दोनों पहियों को एक साथ (संतुलन बनाकर) लेकर चलने की जिम्मेदारी भी आपकी ही है। ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए कि एक पहिए में हवा कम हो और दूसरे में ज्यादा। बता दें भले ही यह पूरी बातचीत बेहद हल्के फुल्के और हास्यप्रद माहौल में हुई और इस दौरान मंच पर ठहाके भी गूंजे, लेकिन राजनीतिक के जानकारों का कहना है कि इस हंसी-मजाक के पीछे गहरे सियासी मायने छिपे हैं। इसे संगठन और जनप्रतिनिधियों के बीच आंतरिक तालमेल को बनाए रखने का एक संदेश है।

**दो और प्रवेश द्वार बनेंगेः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने सीहोर के गौरवशाली इतिहास को याद किया। उन्होंने कहा कि सीहोर को प्राचीन काल में सिद्धपुर के नाम से जाना जाता था और अब यह शहर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आशीर्वाद से चौतरफा विकास की ओर बढ़ रहा है।

शहर में करोड़ों-अरबों रुपये के काम चल रहे हैं। विधायक ने इस मौके पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि केवल सैकड़ा खेड़ी ही नहीं, बल्कि जल्द ही इंदौर-भोपाल मार्ग पर क्रिसेंट चौराहा और सोया चौपला चौराहा पर भी ऐसे ही भव्य सिद्धपुर प्रवेश द्वार बनवाए जाएंगे।

**जल्द शुरू होगा फोरलेन का कामः** विधायक राय ने जनता को सौगात देते हुए बताया कि इंदौर नाके से प्रसिद्ध गणेश मंदिर होते हुए रेलवे स्टेशन तक फोरलेन सडक़ का निर्माण कार्य बहुत जल्द शुरू होने जा रहा है। भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि उनके नगर पालिका अध्यक्ष कार्यकाल के दौरान भी यहां एक स्वागत द्वार बनाया गया था और अब विधायक सुदेश राय की दूरगामी पहल से यहां एक बार फिर भव्य राजस्थानी कलाकृति वाला द्वार बनने जा रहा है, जो शहर की सुंदरता को बढ़ाएगा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर विकास को लेकर परिषद और विधायक मिलकर निरंतर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार, सुरेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।